

# गंदे पानी से परेशान लोगों ने ओवरब्रिज पर किया चक्का जाम





- कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में प्रदर्शन
- अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया

**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** लंबे समय से सीवरेज की समस्या झेल रहे वार्ड क्रमांक 15 के सुभाष नगर क्षेत्र के रहवासियों का मंगलवार को सब्र टूट गया। क्षेत्र के युवा नेता रवि वर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में रहवासी सुभाष नगर ओवरब्रिज पर एकत्र हुए और चक्का जाम कर नगर निगम के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। अचानक हुए जाम से कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित रहा और प्रशासन को तत्काल मौके पर पहुंचना पड़ा। मौके पर पहुंचे कांग्रेस शहर अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा ने कहा कि क्षेत्रवासी लगातार सीवरेज की समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। यदि समय रहते समस्या का समाधान किया जाता तो लोगों को सड़क पर उतरने की नौबत नहीं आती।

चक्का जाम की सूचना मिलते ही पुलिस और संबंधित विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों से चर्चा कर यातायात बहाल कराने का प्रयास किया, वहीं अधिकारियों ने क्षेत्र का निरीक्षण कर समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया। प्रदर्शन में कांग्रेस शहर अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा, उप नेता प्रतिपक्ष कमरुद्दीन कच्छावा, पूर्व पार्षद श्यामाबाई वर्मा (काकी), मुन्ना सरकार, जाकिर भाई, इमरान खान, रईस मैव, जावेद खान, शेरू भाई, पप्पू भाई, इलू भाई, अकरम भाई, भुरू भाई, शब्बीर मंसूरी, स्मार्ट, बिलाल मंसूरी, चीन भाई, उस्मान बाबा, इलियास, मुबारक भाई, युसूफ मंसूरी, बबलू भाई सहित सैकड़ों क्षेत्रवासी मौजूद रहे।



## निरीक्षण : सिर्फ हाजिरी नहीं, शिक्षा की गुणवत्ता भी परखी

**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले के शासकीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता और शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की पड़ताल के लिए जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री सिमरन सूर्यवंशी मंगलवार को मैदानी निरीक्षण पर निकलीं। उन्होंने जिले के विभिन्न विद्यालयों का शैक्षणिक एवं अकादमिक निरीक्षण कर शिक्षण व्यवस्था, विद्यार्थियों की प्रगति और विभागीय योजनाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों के नामांकन, नवीन प्रवेश प्रक्रिया, छात्र एवं शिक्षक उपस्थिति, पाठ्यपुस्तकों के वितरण, साइकिल वितरण, अपार आईडी निर्माण, ई-उपस्थिति तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन सहित विद्यालयी अभिलेखों का गहन परीक्षण किया।

उन्होंने संस्था प्रमुखों और शिक्षकों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेकर समयबद्ध तरीके से शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए। सुश्री सूर्यवंशी ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धराड़, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलपांक, शासकीय नवीन कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रतलाम तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिमलावदा का विस्तृत निरीक्षण किया।

उन्होंने ब्रिज कोर्स की कक्षाओं का अवलोकन कर विद्यार्थियों की अधिगम उपलब्धियों का मूल्यांकन किया और शिक्षकों को गतिविधि-आधारित, छात्र-केंद्रित तथा परिणामोन्मुख शिक्षण पद्धति अपनाने का मार्गदर्शन दिया।

# नशेड़ियों का आतंक : संजय कॉम्प्लेक्स में घर में घुस मारपीट और तोड़फोड़, सहमे बुजुर्ग

- जान से मारने की धमकी देकर फरार, पुलिस जांच में जुटी

**नव भारत न्यूज**

**जावरा।** शहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले संजय कॉम्प्लेक्स में शराब के नशे में धुत युवकों द्वारा गुंडागर्दी और तोड़फोड़ का एक बेहद परेशान करने वाला मामला सामने आया है।

नशे में चूर युवकों ने न केवल एक परिवार के साथ मारपीट की और गंदी गालियां दीं, बल्कि घर में घुसकर जमकर तोड़फोड़ भी की। इस पूरी घटना का सबसे बड़ा सबूत यह है कि यह पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिससे आरोपियों की करतूत साफ उजागर हो रही है।

**गाली-गलौज कर दी जान से मारने की धमकी:** फरियादी राजेश जैन (53) पिता समरथमल जैन, निवासी संजय कॉम्प्लेक्स जावरा ने थाने में



शिकायत दर्ज कराई है। राजेश जैन के अनुसार, संजय कॉम्प्लेक्स के पीछे ब्लॉक में रहने वाले आरोपी साहिल पंवार और उसके एक अन्य साथी ने शराब के अत्यधिक नशे में उनके साथ अभद्र और अश्लील गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी।

**घर में तोड़फोड़ से सहमे बुजुर्ग:** मारपीट के बाद आरोपी जबरन फरियादी के घर में घुस गए और वहां जमकर तोड़फोड़ शुरू कर दी। जिस वक्त नशे में धुत युवक घर के सामान को निशाना बना रहे थे, उस समय घर में मौजूद बुजुर्ग सदस्य खौफ के साए में आ गए। पूरे इलाके में इस घटना के बाद से तनाव और दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते सजगता दिखाने से कोई बड़ी अनहोनी या संभावित दुर्घटना टल गई।

> **इनका कहना**
>
> फरियादी राजेश जैन की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। घटना के सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस के हाथ लगे हैं, जिनकी जांच की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सहायक उपनिरीक्षक (सउनि) नंदकिशोर बैरागी को जांच सौंपी गई है। आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है।
>
> **दीपक मंडलोई**
> **शहर थाना प्रभारी**

## एक नजर में

### कलेक्टर ने जनसुनवाई में 181 आवेदनों की सुनवाई की



**रतलाम।** कलेक्टर कार्यालय रतलाम में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह, सीईओ जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन एवं अपर कलेक्टर बृजेंद्र कुमार रावत ने आमजन की समस्याएं सुनीं तथा प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कुल 181 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों से समाधान कराया। शेष आवेदनों के त्वरित एवं समय-सीमा में निराकरण के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया। जनसुनवाई में सरवन निवासी मानसिंह ने भूमि के सीमांकन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। इस पर कार्रवाई के लिए तहसीलदार सैलाना को निर्देशित किया। तेजराम निवासी नौगावांकला ने कृषि भूमि के सीमांकन के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी भूमि के सीमांकन हेतु आवेदन दिया था। परंतु आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है मामले में जांच कर आवश्यक कार्रवाई के लिए नायब तहसीलदार नामली को निर्देशित किया गया। ग्राम मंडावल निवासी राजेन्द्र सिंह ने वृद्धा पेंशन चालू करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। कार्यवाही के लिए सीईओ आलोट को निर्देशित किया।

### सकारात्मक विचारों से अमावस्या भी बन जाती है परम शुभ - महासती प्रफुल्ला श्री जी



**रतलाम।** अमावस्या तिथि के पावन अवसर पर स्थानीय जैन समाज शांति नगर मे 24 तीर्थंकर प्रभु की स्तुति रूप 'लोगस्स' साधना का 27 बार सामूहिक जाप भक्ति भाव पूर्वक किया गया। इस अवसर पर पूज्य महासती प्रफुल्ला श्री जी मासा ने उपस्थित धर्मसभा को संबोधित करते हुए तिथियों के वैज्ञानिक और आध्यात्मिक महत्व पर गहरा प्रकाश डाला। महासती जी ने फरमाया कि सामान्यत: लोग अमावस्या के नाम से डरते हैं और इसे अशुभ मानते हुए कोई भी शुभ कार्य करने से कतराते हैं। लेकिन वास्तव में कोई भी तिथि, दिन या समय बुरा नहीं होता। सब कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि हम प्रकृति से कैसे वाइब्रेशन्स (तरंगें) ग्रहण कर रहे हैं। यदि हमारी सोच और ऊर्जा सकारात्मक होगी, तो अमावस्या भी हमारे लिए बेहद शुभ और फलदायी तिथि सिद्ध होगी। महासती जी ने आगे कहा कि विज्ञान ने तिथियों के इस प्रभाव को बाद में स्वीकारा, जबकि जैन दर्शन तो अनादिकाल से ही इनके महत्व को मानता आ रहा है। पूर्णिमा और अमावस्या के दिनों में किए गए कार्यों में बढ़ोतरी होती है, इसलिए इन दिनों अधिक से अधिक धर्म-आराधना और जप करना चाहिए ताकि धर्म के प्रति हमारा रुझान सदैव बढ़ता रहे। बीमारी से ग्रस्त व्यक्तियों को इस दिन विशेष रूप से दान-पुण्य करना चाहिए, क्योंकि जरूरतमंदों की दुआओं के असर से असाध्य बीमारियां भी शांत हो जाती हैं। 'लोगस्स' पाठ की महिमा बताते हुए महासती जी ने कहा कि यह तीर्थंकर प्रभु की दिव्य स्तुति है और इसका एक-एक शब्द महामंत्र है, जो जीवन बदलने की क्षमता रखता है।

### युवा संगम रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला 21 जुलाई को आईटीआई रतलाम में

**रतलाम।** जिला रोजगार अधिकारी अभिषेक कटारा ने बताया कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग व तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं रोजगार कार्यालय रतलाम द्वारा युवा संगम अन्तर्गत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन 21 जुलाई को शासकीय आई.टी.आई रतलाम, सैलाना रोड, सज्जन मिल के सामने रतलाम में किया गया है, जिसमें बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र की कंपनियों में अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे। आवेदक की शैक्षणिक योग्यता 10वी उत्तीर्ण से स्नातक एवं आई.टी. आई उत्तीर्ण तथा आयु 18 से 35 वर्ष तक होना चाहिए। इच्छुक आवेदक युवा संगम मेले में 21 जुलाई को प्रात: 10 बजे से 3 बजे तक आई.टी.आई रतलाम में अपने दस्तावेजों की छायाप्रति व बायोडाटा के साथ उपस्थित हो सकते है।

# 5 सूत्रीय मांगों का पटवारियों ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन



**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** मध्यप्रदेश पटवारी संघ ने मुख्यमंत्री के नाम मंगलवार को 5 सूत्रीय मांगों को ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा।

संघ के पदाधिकारियों ने एकत्रित होकर कलेक्टरेट पहुंच संघ जिला अध्यक्ष गोपाल रावत के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपे। ज्ञापन में बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा नवंबर 2025 में पटवारी महाधिवेशन आयोजित कर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक न तो महाधिवेशन की तिथि तय की गई और न ही वर्षों से लंबित मांगों पर कोई ठोस निर्णय लिया गया। इससे पटवारी संवर्ग स्वयं को उपेक्षित और शोषित महसूस कर रहा है।

संघ ने ज्ञापन में कैडर रिव्यू लागू करने, पदोन्नति एवं समयमान वेतनमान का लाभ देने, नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा शीघ्र आयोजित करने, जज प्रोटेक्शन एक्ट में पटवारियों को शामिल करने, विभिन्न योजनाओं के लंबित मानदेयों का भुगतान करने तथा संगठन के पदाधिकारियों के नियमविरुद्ध स्थानांतरण निरस्त करने सहित पांच प्रमुख मांगें उठाई हैं। संघ ने स्पष्ट किया है कि यदि 7 दिन में सरकार ने मांगों के निराकरण की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए तो 15 से 17 जुलाई तक तीन दिवसीय सामूहिक अवकाश के बाद आंदोलन को और तेज किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पटवारी मौजूद रहे।



## शिक्षक का ट्रांसफर रुकवाने कलेक्ट्रेट छात्र और ग्रामीण

**रतलाम।** जिले के विकासखण्ड जावरा के ग्राम रूपनगर और रिछाचाँदा के ग्रामीण मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर शासकीय प्राथमिक विद्यालय रूपनगर के शिक्षक बद्रीलाल राठौड़ का स्थानांतरण रोकने या उन्हें इसी स्कूल में अटैच करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षक के ट्रांसफर होने के बाद पिछले 9 दिनों से स्कूल का एक भी बच्चा पढ़ाई करने स्कूल नहीं गया है। कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि शिक्षक बद्रीलाल राठौड़ का प्रशासनिक स्थानांतरण शासकीय प्राथमिक विद्यालय सेमलिया (विकासखण्ड पिपलौदा) कर दिया गया है।

## सीने में उठा दर्द, मौत

आलोट। थाना क्षेत्र के ग्राम पिपलिया पीथा में एक 39 वर्षीय व्यक्ति की अचानक हृदयाघात आने से मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, ग्राम पिपलिया पीथा निवासी शिवलाल पिता देवीलाल बागरी (39) की सोमवार 13 जुलाई को दोपहर करीब 2.30 बजे अपने घर के सामने तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजनों ने उन्हें संभालने का प्रयास किया, लेकिन कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना देवुबाई पति दशरथ बागरी (40) निवासी ग्राम पिपलिया पीथा ने पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। प्रारंभिक जांच में मृत्यु का कारण हृदयाघात (हार्ट अटैक) सामने आया है।

## युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ा, पुलिस ने शुरू की जांच

**रतलाम।** सरवन थाना क्षेत्र के ग्राम पिपलीपाड़ा निवासी एक युवक की कीटनाशक दवा पीने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के नौ दिन बाद युवक ने सोमवार को अस्पताल में अंतिम सांस ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, ग्राम पिपलीपाड़ा निवासी भंवरलाल पिता गौतम निनामा (26) ने 4 जुलाई 2026 को दोपहर करीब 1 बजे जहरीली कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे पहले स्थानीय स्तर पर उपचार दिलाया, बाद में गंभीर अवस्था में जीएमसी रतलाम में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान 13 जुलाई 2026 को सुबह करीब 10 बजे उसकी मौत हो गई। अस्पताल से मिली सूचना पर पुलिस ने मर्ग क्रमांक 46/26 धारा 194 बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज किया। मृत्यु की सूचना मृतक के परिजन धारजी पिता जीवणा निनामा (62) निवासी पिपलीपाड़ा ने पुलिस को दी। जांच सहायक उपनिरीक्षक काशीराम अलावे कर रहे हैं।



## जनसुनवाई में लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से 3 को मिली नि :शुल्क विधिक सहायता

**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देशन में आमजन को त्वरित एवं नि:शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनसुनवाई के दौरान लीगल एड क्लीनिक का संचालन किया गया।

कलेक्ट्रेट परिसर के कक्ष क्रमांक 16 में प्रात: 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक संचालित क्लीनिक में नागरिकों को विभिन्न विधिक समस्याओं के संबंध में नि:शुल्क कानूनी परामर्श एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ ही पात्र व्यक्तियों को नि:शुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई। जनसुनवाई के दौरान लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से शरीफ खान निवासी सैलाना, योगेश सिंह ठाकुर तथा मांगीलाल राव निवासी धामनोद सहित तीन नागरिकों को विधिक सहायता उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण कर जायजा लिया तथा नागरिकों को बेहतर एवं प्रभावी विधिक सहायता उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

# नामली का लहसुन अब विदेशों तक करेगा सफर

- एफपीओ लगाएगा गार्लिक पाउडर-पेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट



**नामली।** क्षेत्र के किसानों के लिए बड़ी खुशखबरी है। पारस्परिक किसान उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित (एफपीओ), नामली की संचालक मंडल की बैठक में किसानों की आय बढ़ाने और कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इनमें सबसे अहम निर्णय नामली में लहसुन पाउडर एवं लहसुन पेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित करने का है।

संस्था अध्यक्ष कीर्ति कुमार जायसवाल ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना की संपूर्ण कागजी प्रक्रिया पूरी कर प्रस्ताव भोपाल भेज दिया गया है। आवश्यक स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। परियोजना के लिए भूमि भी लीज पर ली जा चुकी है। उन्होंने बताया कि नामली क्षेत्र प्रदेश के प्रमुख लहसुन उत्पादक क्षेत्रों में अपनी अलग पहचान रखता है। प्रोसेसिंग प्लांट शुरू होने के बाद किसानों की उपज का स्थानीय स्तर पर मूल्य संवर्धन होगा, जिससे उन्हें बेहतर दाम मिलेंगे।

साथ ही क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। संस्था की योजना सहकारिता मॉडल के माध्यम से नामली में तैयार लहसुन पाउडर और लहसुन पेस्ट को देश के साथ-साथ विदेशों के बाजारों तक पहुंचाने की है।

बैठक में राष्ट्रीय बीज निगम (एनएससी), नई दिल्ली की अधिकृत डीलरशिप लेने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके माध्यम से आगामी रबी एवं खरीफ सीजन में किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले प्रमाणित बीज उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही सदस्य किसानों को उन्नत किस्म के गेहूं एवं चना के प्रमाणित बीज उपलब्ध कराने का भी निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन मुख्य कार्यपालन अधिकारी राहुल सूर्यवंशी ने किया।

बैठक में उपाध्यक्ष पुखराज जाट, मोहनलाल वाघेला, संचालक श्रीमती जया राजेश कर्णधार, श्रीमती राधा संजय राठौड़, सुनील उपाध्याय, तूफान सिंह सोनगरा, राजेश परिहार, दिलीप सिंह सोलंकी एवं भीम सिंह राठौर उपस्थित रहे। अंत में संस्था के लेखापाल सूरज चंद्रावत ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# रोजी-रोटी की जद्दोजहद में खतरों से खेलता बचपन : डॉ . मदनलाल गांगले



**जावरा।** पिपलौदा रोड पर रोजी-रोटी के लिए जान जोखिम में डालकर रस्सी पर करतब दिखाती एक बच्ची की तस्वीर ने समाज और व्यवस्था दोनों के सामने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। इस मामले पर सामाजिक कार्यकर्ता एवं जावरा निवासी डॉ. मदनलाल गांगले ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जिस उम्र में बच्चों, विशेषकर बेटियों, के हाथों में किताबें होनी चाहिए, उस उम्र में उन्हें पेट पालने के लिए मौत से खेलना पड़ रहा है।

डॉ. गांगले ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसी योजनाओं पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही हैं, ताकि बेटियां शिक्षित और आत्मनिर्भर बन सकें। इसके बावजूद कई घुमंतू और गरीब परिवारों की बेटियां आज भी सड़कों पर करतब दिखाकर परिवार का भरण-पोषण करने को मजबूर हैं। रस्सी पर संतुलन बनाकर चलने के दौरान जरा सी चूक भी उनकी जान पर भारी पड़ सकती है।

उन्होंने कहा कि घुमंतू जीवन जीने वाले अधिकांश परिवार गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करते हैं। ऐसे परिवारों के बच्चों की नियमित शिक्षा लगभग असंभव हो जाती है, जिससे उनका भविष्य अंधकारमय बन जाता है।

## एक नजर में — जावरा ब्लॉक में डायरिया सह दस्तक अभियान का शुभारंभ हुआ

# दस्तक अभियान : आंगनवाड़ी में बच्चों को पिलाई विटामिन ए की खुराक

**भारत न्यूज**

**जावरा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. किरण वाडिवा के मार्गदर्शन एवं सीबीएमओ डॉ. शंकरलाल खराड़ी के निर्देशन में मंगलवार को जावरा ब्लॉक में डायरिया सह दस्तक अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान की शुरुआत इंदिरा नगर आंगनवाड़ी केंद्र पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा ने बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाकर की। इस दौरान बच्चों के परिजनों को दो-दो पैकेट ओआरएस तथा जिंक टैबलेट भी वितरित की गई। प्रभारी सुपरवाइजर शैलेन्द्र कुमार दवे ने बताया कि यह अभियान 14 जुलाई से 31 अगस्त तक संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत शहरी क्षेत्र के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों एवं प्रत्येक गांव में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ), एएनएम, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों का घर-घर जाकर स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। सीबीएमओ डॉ. शंकरलाल खराड़ी, बीईई बसंतीलाल मईडा एवं



बीपीएम रघुनंदन पाटीदार ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य बाल्यकाल मृत्यु दर में कमी लाना है। शुभारंभ अवसर पर दिनेश उपाध्याय, धीरज जाटव, ज्ञानेश पाटीदार, नाहरी, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

> **31 अगस्त तक चलेगा अभियान**
>
> प्रभारी सुपरवाइजर शैलेन्द्र कुमार दवे ने बताया कि अभियान 31 अगस्त तक संचालित किया जाएगा। सभी आंगनवाड़ी केंद्रों एवं प्रत्येक गांव में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर, एएनएम, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा बच्चों का घर-घर जाकर स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा।